**बरेली पुलिस**

**प्रेसनोट दिनांक 04.09.2025**

**थाना कोतवाली।**

**थाना कोतवाली बरेली पुलिस द्वारा 960 ग्राम अफीम के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

दिनांक 04.09.2025 की रात्रि में थाना कोतवाली पुलिस टीम को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मनोरंजन सदन से एक व्यक्ति विपिन गिरी पुत्र महेश गिरी निवासी सिरसवा, थाना विनावर जिला बदाँयू उम्र करीब 30 वर्ष को 960 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके संबंध में थाना कोतवाली, बरेली पर मु0अ0स0 446/2025 धारा 8/18 एन.डी.पी.एस एक्ट पंजीकृत किया गया।

**सूचना, पुलिस टीम, कार्यवाही-**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम दिनांक 04.09.2025 की रात्रि में रात्रि गश्त में मामूर थी कि मुखबिर ने आकर सूचना दी कि बरेली जंक्शन के पास में मनोरंजन सदन में एक व्यक्ति हाथ में लाल रंग का थैला (जिसमें अफीम है) लिए हुए खड़ा है, जिसे वह वहां पर बेंचने की फिराक में है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर मनोरंजन सदन में खड़े व्यक्ति से पूछताछ की गयी तो अपना नाम विपिन गिरी पुत्र महेश गिरी निवासी सिरसवा थाना बिनावर जिला बदायूं उम्र करीब 30 वर्ष बताते हुए कहा कि मेरा पास जो थैला है उसमे अफीम है, जिसे मैं बेचने के लिये आया था। उक्त व्यक्ति विपिन गिरी उपरोक्त को 960 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

विपिन गिरी पुत्र महेश गिरी निवासी सिरसवा थाना बिनावर जिला बदायूं उम्र 30 वर्ष।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0स0 446/2025 धारा 8/18 एन.डी.पी.एस एक्ट थाना कोतवाली बरेली।

**पूछताछ -**

अभियुक्त विपिन गिरी उपरोक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि मैं पढा लिखा नही हूँ तथा खेतीबाडी का काम करता हूं। अफीम को मैं सस्ते दामों मैं पंजाब से लाता हूं तथा मौके के अनुसार लाभ कमाकर बेच देता हूँ। मैं लालच में पड़ गया था।

**पुलिस टीम -**

1. उ0नि0 श्री गौरव कुमार अत्री चौकी प्रभारी चौकी स्टेशन रोड थाना कोतवाली बरेली।
2. उ0नि0 श्री उ0नि0 श्री गुरमीत तोमर थाना कोतवाली बरेली ।
3. उ0नि0 श्री नितिन राणा चौकी प्रभारी चौकी चौराहा थाना कोतवाली बरेली ।
4. का0 515 इरशाद अली थाना कोतवाली बरेली।